# PREVIOUS YEAR QUESTIONS: LOGICAL PUZZLE

**निर्देश (प्र.सं. 1-4):** नीचे दिया गया विवरण अगले चार प्रश्नांशों के सम्बन्ध में है -

***UPSC-2004***

अमित एक पत्रिका खरीदना चाहता है, उसे चुनने के लिए चार पत्रिकाएँ उपलब्ध हैं जो चार विषय राजनीति, खेल, विज्ञान तथा फिल्मों पर हैं। ये पत्रिकाएँ फिरोज, गुरबक्श, स्वामी तथा ईला (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) द्वारा सम्पादित की गई है, ये पत्रिकाएँ आर्यन, भारत, चरण तथा देव प्रकाशकों (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) द्वारा प्रकाशित की गई है. यह भी दिया गया है-

- देव प्रकाशक ने फिरोज द्वारा सम्पादित पत्रिका प्रकाशित की है।
- राजनीति के विषय की पत्रिका आर्यन प्रकाशक में प्रकाशित की है।
- फिल्मों के विषय की पत्रिका स्वामी ने सम्पादित की है और उसे चरण ने प्रकाशित नहीं किया है।
- विज्ञान के विषय की पत्रिका का सम्पादन ईला ने किया है।

**प्रश्नाशों में प्रत्येक का सही उत्तर चुनिए-**

**Q 1. विज्ञान के विषय की पत्रिका को प्रकाशित किया है-**

(a) आर्यन प्रकाशक ने
(b) भारत प्रकाशक ने
(c) चरण प्रकाशक ने
(d) देव प्रकाशक ने

**Q 2. खेलों के विषय की पत्रिका-**

(a) फिरोज ने सम्पादित की है।
(b) गुरबक्श ने सम्पादित की है।
(c) भारत प्रकाशक ने प्रकाशित की है।
(d) चरण प्रकाशक ने प्रकाशित की है।

**Q 3. फिल्मों के विषय की पत्रिका-**

(a) देव प्रकाशक ने प्रकाशित की है।
(b) भारत प्रकाशक ने प्रकाशित की है।
(c) गुरबक्श ने सम्पादित की है।
(d) चरण प्रकाशक ने प्रकाशित की है।

**Directions (Q.No. 1-4):** The following description is for next four questions:

***UPSC-2004***

Amit wants to purchase a magazine, four magazines on different subjects are available to select from: politics, sports, science and films. These magazines are edited by Feroze, Gurbaksh, Swami and Ila (not necessarily in the same order). These magazines are published by Aryan, Bharat, Charan and Dev publishers (not necessary in the same order). It is also given...

- Dev Publisher published the magazine edited by Feroze.
- Political magazine is published by Aryan publisher.
- Film magazine is edited by Swami and has not published by Charan
- Science magazine is edited by Ila

**Select the correct answers for the next set of four questions.**

**Q 1. Science magazine is published by...**

(a) Aryan publisher
(b) Bharat publisher
(c) Charan publisher
(d) Dev publisher

**Q 2. Sports magazine is..**

(a) Edited by Feroze
(b) Edited by Gurbaksh
(c) Published by Bharat publisher
(d) Published by Charan publisher

**Q 3. Film magazine is...**

(a) Published by Dev publisher
(b) Published by Bharat publisher
(c) Edited by Gurbaksh
(d) Published by Charan publisher

**Q 4. राजनीति के विषय की पत्रिका को-**

(a) ईला ने सम्पादित किया है
(b) गुरबक्श ने सम्पादित किया है
(c) देव प्रकाशक ने प्रकाशित किया है।
(d) चरण प्रकाशक ने प्रकाशित किया है

**निर्देश (प्र.सं. 5-8):** नीचे दी गई सूचना के आधार पर उसके नीचे दिए गए चार प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए-

*UPSC-2005*

गोपाल, हर्ष, इन्दर, जय और कृष्णन के स्वनगर अहमदाबाद, भोपाल, कटक, दिल्ली तथा एर्नाकुलम (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) है, वे इंजीनियरिंग, इतिहास, अर्थशास्त्र, चिकित्सा और कॉलेजों में पढ़ रहें है। (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) पाँचों लड़के में से कोई भी अपने स्वनगर में नहीं पढ़ रहा है, परन्तु प्रत्येक लड़का उपर्युक्त नगरों में से एक में पढ़ रहा है।

**यह भी दिया गया है-**

- गोपाल का स्वनगर एर्नाकुलम है।
- अहमदाबाद अथवा भोपाल में नहीं रहा है।
- अर्थशास्त्र कॉलेज भोपाल में है।
- इन्दर का स्वनगर कटक है।
- कृष्णन दिल्ली में पढ़ रहा है।
- जय एर्नाकुलम में पढ़ रहा है तथा इतिहास कॉलेज उसके स्वनगर अहमदाबाद में स्थित है।
- इन्जीनियरिंग कॉलेज एर्नाकुलम में स्थित है।

**उपर्युक्त सूचना के आधार पर अगले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए-**

**Q 5. कृष्णन का स्वनगर कौन-सा है?**

(a) अहमदाबाद
(b) कटक
(c) भोपाल
(d) नहीं जाना जा सकता

**Q 6. इन्दर के स्वनगर में कौन-सा कॉलेज स्थित है ?**

(a) वाणिज्य कॉलेज
(b) चिकित्सा कॉलेज
(c) अर्थशास्त्र कॉलेज
(d) वाणिज्य अथवा चिकित्सा कॉलेज

**Q 4. Political magazine is...**

(a) Edited by Ila
(b) Edited by Gurbaksh
(c) Published by Dev publisher
(d) Published by Charan publisher

**Directions (Q.No. 5-8):** The following description is for next set of four questions:

*UPSC-2005*

The home towns of Gopal, Harsh, Inder, Jai and Krishnan are in Ahmedabad, Bhopal, Cuttack, Delhi and Ernakulam (not necessarily in the same order). They are studying in engineering, History, Economics, Medicines and commerce colleges (not necessarily in the same order). None of the boys are studying in his home tows, but every boy in studying in one of the above mentioned towns.

**It is also given...**

- The home town of Gopal is Ernakulam
- Harsh is not studying in Ahmedabad or Bhopal
- The college of economics is in Bhopal
- The home town of Inder is in Cuttack
- Krishnan is studying in Delhi
- Jay is studying in Ernakulam and the college of history is located in his home town Ahmedabad
- Engineering college is in Ernakulam

**Based on the information given above select correct answers.**

**Q 5. Which is the home town of Krishnan?**

(a) Ahmedabad
(b) Cuttack
(c) Bhopal
(d) Cannot be ascertained

**Q 6. Which college is located in the hometown of Inder?**

(a) Commerce college
(b) Medical college
(c) Economics college
(d) Commerce or Medical college

**Q 7. भोपाल में कौन पढ़ रहा है?**

(a) गोपाल
(b) हर्ष
(c) गोपाल अथवा इन्दर
(d) इन्दर अथवा हर्ष

**Q 8. यदि इन्दर अहमदाबाद में पढ़ रहा हो, तब निम्नलिखित व्यक्ति स्वनगर-पढ़ने का स्थान समूहों में कौन-सा एक सही सुमेलित है?**

(a) गोपाल- एर्नाकुलम - दिल्ली
(b) जय-अहमदाबाद- एर्नाकुलम
(c) कृष्णन - दिल्ली-एर्नाकुलम
(d) हर्ष-भोपाल-दिल्ली

**Q 9. पाँच फ्लेटों में, जो एक दूसरे के ऊपर स्थित हैं, पाँच व्यवसायी रहते हैं। एक प्रोफेसर है, जिसे अपने IAS अधिकारी मित्र से मिलने के लिए ऊपर जाना पड़ता है। एक डॉक्टर हैं, जिसकी सभी से समान रूप से मित्रता है, उसे जितनी बार ऊपर जाना पड़ता है उतनी ही बार नीचे उतरना पड़ता है। एक इंजीनियर है जिसे अपने MLA मित्र से मिलने के लिए ऊपर जाना पड़ता है, जिसके फ्लेट के ऊपर प्रोफेसर का मित्र रहता है।** *UPSC-2012*

**ये पाँच व्यवसायी सबसे निचले तल से सबसे ऊपरी तल तक किस क्रम में रहते हैं?**

(a) इंजीनियर, प्रोफेसर, डॉक्टर, IAS अधिकारी, MLA
(b) प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, IAS अधिकारी, MLA
(c) IAS अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, MLA
(d) प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, MLA, IAS अधिकारी

**Q 10. छह स्त्रियों की मंडली में चार नर्तकियाँ, चार गायिकाएँ, एक अभिनेत्री और तीन वायलिन वादिकाएँ हैं। गिरिजा और वनजा वायलिन वादिकाएं हैं जबकि जलजा और शैलजा वायलिन बजाना नहीं जानतीं। शैलजा और तनुजा नर्तकियों में से हैं। जलजा, वनजा, शैलजा और तनुजा सभी गायिकाएँ हैं और उनमें से दो वायलिन वादिकाएँ भी है।** *UPSC-2014*

**Q 7. Who is studying in Bhopal?**

(a) Gopal
(b) Harsh
(c) Gopal or Inder
(d) Inder or Harsh

**Q 8. If Inder is studying in Ahmedabad, which one of the following person-home town-place of studying is correctly matched?**

(a) Bhopal-Ernakulam-Delhi
(b) Jay-Ahmedabad-Ernakulam
(c) Krishnan-Delhi Ernakulam
(d) Harsh-Bhopal-Delhi

**Q 9. In five flats, one above the other, live five professionals. The professor has to go up to meet his IAS officer friend. The doctor is equally friendly to all and has to go up as frequently as go down. The engineer has to go up to meet his MLA friend above whose flat lives the professor's friend.** *UPSC-2012*

**From the ground floor to the top floor in what order do the five professionals live?**

(a) Engineer, Professor, Doctor, IAS officer, MLA.
(b) Professor, Engineer, Doctor, IAS officer, MLA.
(c) IAS officer, Engineer, Doctor, Professor, MLA.
(d) Professor, Engineer, Doctor, MLA, IAS Officer.

**Q 10. In a group of six women there are four dancers, four vocal musicians, one actress and three violinists. Girija and Vanaja are among the violinists while Jalaja and Shailaja do not know how to play on the violin. Shailaja and Tanuja are among the dancers. Jalaja, Vanaja, Shailaja and Tanuja are all vocal musicians and two of them are also violinists.** *UPSC-2014*

**यदि पूजा अभिनेत्री है, तो निम्नलिखित में से कौन निश्चित रूप से नर्तकी भी है और वायलिन वादिका भी है?**

(a) जलजा

(b) पूजा

(c) शैलजा

(d) तनुजा

**If Pooja is an actress, who among the following is certainly a dancer and a violinist?**

(a) Jalaja

(b) Pooja

(c) Tanuja

(d) Shailaja

**निर्देश (प्र.सं. 11-13):** निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए और आगे दिये गए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

*UPSC - 2016*

जब तीन मित्र A, B और C मिले, तो पाया गया कि उनमें से प्रत्येक ने एक भिन्न रंग की ऊपरी पोशाक पहन रखी थी। यादृच्छिक क्रम में वे पोशाकें जैकेट, स्वेटर और टाई हैं; और रंग नीला, सफेद और काला है। उनके कुलनाम (सरनेम) यादृच्छिक क्रम में रिबीरो, कुमार और सिंह हैं। आगे, हमें ज्ञात है कि:

- न तो B ने, न ही रिबीरो ने सफेद स्वेटर पहना था।
- C ने टाई पहनी थी।
- सिंह की पोशाक सफेद नहीं थी।
- कुमार जैकेट नहीं पहनता है।
- रिबीरो को काला रंग पहनना पसंद नहीं है।
- हर एक मित्र ने केवल एक ही रंग की एक ही ऊपरी पोशाक पहनी थी।

**Direction (Q.No. 11-13):** Consider the given information and answer the three items that follow.

*UPSC-2016*

When three friends A, B and C met, it was found that each of them wore an outer garment of a different colour. In random order, the garments are: jacket, sweater and tie; and the colours are: blue, white and black. Their surnames in random order are: Ribeiro, Kumar and Singh. Further, we know that:

- Neither B nor Ribeiro wore a white sweater
- C wore a tie
- Singh's garment was not white
- Kumar does not wear a jacket
- Ribeiro does not like to wear the black colour
- Each of the friends wore only one outer garment of only one colour.

**Q 11. C का कुलनाम क्या है?**

(a) रिबीरो

(b) कुमार

(c) सिंह

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**Q 11. What is C's surname?**

(a) Ribeiro

(b) Kumar

(c) Singh

(d) Cannot be determined

**Q 12. टाई का रंग क्या है?**

(a) काला

(b) नीला

(c) सफेद

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**Q 12. What is the colour of the tie ?**

(a) Black

(b) Blue

(c) White

(d) Cannot be determined

**Q 13. स्वेटर किसने पहना था ?**

(a) A
(b) B
(c) C
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**निम्नलिखित 6: प्रश्नांशों के लिये निर्देशः** नीचे दी गई जानकारी को पढ़िये और उसके पश्चात् आने वाले छः प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। ***UPSC-2018***

A, B, C और D छात्र हैं। वे चार विभिन्न शहरों - P, Q, R और S (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) में पढ़ रहे हैं। वे साइंस कॉलेज, आर्ट्स कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज, (अनिवार्यत इसी क्रम में नहीं) में पढ़ रहे हैं जो चार विभिन्न राज्यों गुजरात, राजस्थान, असम और केरल (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) में स्थित है। यह भी दिया गया है कि-

(i). D असम में पढ़ रहा है।
(ii). आर्ट्स कॉलेज शहर S में है, जो राजस्थान में स्थित है
(iii). A कॉमर्स कॉलेज में पढ़ रहा है
(iv). B शहर Q में पढ़ रहा है
(v). साइंस कॉलेज केरल में स्थित है

**Q 14. A पढ़ रहा है-**

(a) राजस्थान में
(b) गुजरात में
(c) शहर Q में
(d) केरल में

**Q 15. साइंस कॉलेज स्थित है-**

(a) शहर Q में
(b) शहर S में
(c) शहर R में
(d) शहर P में

**Q 16. C पढ़ रहा है-**

(a) साइंस कॉलेज
(b) राजस्थान
(c) गुजरात में
(d) शहर Q में

**Q 13. Who wore the sweater ?**

(a) A
(b) B
(c) C
(d) Cannot be determined

**Directions for the following 6 (six) items:** Read the information given below and answer the six items that follow. ***UPSC-2018***

A, B, C and D are students. They are studying in four different cities, viz., P, Q, R and S (not necessarily in that order). They are studying in Science college, Arts college, Commerce college and Engineering college (not necessarily in that order), which are situated in four different States, viz., Gujarat, Rajasthan, Assam and Kerala (not necessarily in that order). Further, it is given that-

(i). D is studying in Assam
(ii). Arts college is located in city S which is in Rajasthan
(iii). A is studying in Commerce college
(iv). B is studying in city Q
(v). Science college is located in Kerala

**Q 14. A is studying in**

(a) Rajasthan
(b) Gujarat
(c) city Q
(d) Kerala

**Q 15. Science college is located in**

(a) city Q
(b) city S
(c) city R
(d) city P

**Q 16. C is studying in**

(a) Science college
(b) Rajasthan
(c) Gujarat
(d) city Q

**Q 17. निम्नलिखित में से कौन-सा एक ही है?**

(a) D शहर S में नहीं पढ़ रहा है।
(b) A साइंस कॉलेज में पढ़ रहा है।
(c) A केरल में पढ़ रहा है।
(d) इंजीनियरिंग कॉलेज गुजरात में स्थित है।

**Q 18. इंजीनियरिंग कॉलेज के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?**

(a) C वहाँ पढ़ रहा है।
(b) B वहाँ पढ़ रहा है।
(c) यह गुजरात में स्थित है।
(d) D वहाँ पढ़ रहा है।

**Q 19. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?**

(a) इंजीनियरिंग कॉलेज असम में स्थित है
(b) शहर Q असम में स्थित है।
(c) C केरल में पढ़ रहा है।
(d) B गुजरात में पढ़ रहा है।

**Q 20. सात पुस्तकें P, Q, R, S,T,U और V साथ-साथ रखी है। R, Q और T के आवरण नीले हैं और अन्य पुस्तकों के आवरण लाल रंग के हैं। केवल S और U नई पुस्तकें है और शेष पुस्तकें पुरानी हैं। P, R और S विधि रिपोर्ट है; शेष गज़ेटियर है। नीले आवरण वाले पुराने गजेटियर कौन-से है?** *UPSC-2021*

(a) Q और R
(b) Q और U
(c) Q और T
(d) T और U

**Q 17. Which one of the following statements is correct?**

(a) D is not studying in city S.
(b) A is studying in Science college.
(c) A is studying in Kerala.
(d) Engineering college is located in Gujarat.

**Q 18. Which one of the following statements is correct regarding Engineering college?**

(a) C is studying there.
(b) B is studying there.
(c) It is located in Gujarat.
(d) D is studying there

**Q 19. Which one of the following statements is correct?**

(a) Engineering is located in Assam.
(b) City Q is situated in Assam
(c) C is studying in kerala.
(d) B is studying in Gujarat.

**Q 20. Seven books P, Q, R, S, T, U and V are placed side by side. R, Q and T have blue covers and other books have red covers. Only S and U are new books and the rest are old. P, R and S are law reports; the rest are Gazetteers Books of old gazetteers with blue- covers** *UPSC-2021*

(a) Q और R
(b) Q और U
(c) Q और T
(d) T और U

Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

# LOGICAL PUZZLE PYQ ANSWER KEY

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Q 1. | c | Q 8. | b | Q 15. | a |
| Q 2. | a | Q 9. | d | Q 16. | b |
| Q 3. | b | Q 10. | c | Q 17. | a |
| Q 4. | b | Q 11. | c | Q 18. | d |
| Q 5. | c | Q 12. | a | Q 19. | a |
| Q 6. | d | Q 13. | b | Q 20. | c |
| Q 7. | c | Q 14. | b | | |

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR